आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :264 पृष्ठ –4 दिनांक 20 सितम्बर 2024 दिन शुक्रवार

# पूर्व IAS मोहिंदर सिंह के घर ED रेड, 5 करोड़ का हीरा, सोने के गहने और अरबों की संपत्ति के मिले सबूत

# पूर्व आईएएस अधिकारी के घर ईडी रेड में मिले करोड़ों के हीरे

## महाकुंभ में सुरक्षा को लेकर बड़ी तैयारी, अंडर वाटर ड्रोन और सोनार का इस्तेमाल, एनाकोंडा बोट से निगरानी



संगम नगरी प्रयागराज में कुछ महीनो बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले को लेकर यूपी की योगी सरकार खास तैयारियां कर रही है. एक तरफ जहां महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप में आयोजित किए जाने की तैयारी है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया के इस सबसे बड़े आध्यात्मिक मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी तमाम कदम उठाए जा रहे हैं. कुंभ की सुरक्षा के लिए आ. समान से लेकर गंगा और यमुना के गहरे जल के अंदर तक निगरानी की जाएगी. यह पहला मौका होगा जब अंडर वाटर ड्रोन और सोनार रेडियो तरंगों के साथ अनाकोंडा बोट और वाटर स्कूटर ब्रिगेड का भी इस्तेमाल होगा. अंडर वाटर सेफ्टी उपकरणों की खरीद के लिए बजट को मंजूरी दे दी गई है. अंडर वाटर सेफ्टी के इंतजाम नदियों के गहरे जल के अंदर सुरक्षा निगरानी और राहत व बचाव की बड़ी जिम्मेदारी पीएसी के जवानों के जिम्मे होगी. यूपी के पूर्वी जोन कपीएसी के डीआईजी डा० राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक इस बार के महाकुंभ में अंडरवाटर सेफ्टी के लिए पहली बार कई कदम उठाए जा रहे हैं. यह पहला मौका होगा जब अंडर वाटर ड्रोन के जरिए और यमुना के गहरे पानी में भी निगरानी कराई जाएगी. जल में कोई संदिग्ध गतिविधि होने या फिर दुर्घटना होने पर अंडर वाटर ड्रोन खासा मददगार साबित होगा. इसके साथ ही कोई हादसा होने पर व्यक्ति और सामान के पानी के अंदर सही स्थिति का पता लगाने के लिए सोनार रेडियो तरंगों का भी इस्तेमाल किया जाएगा. एनाकोंडा बोट भी चलाई जाएगी.वाटर स्कूटर ब्रिगेड भी रहेगी तैनातडा० राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक नदियों के गहरे पानी में कोई भी इमरजेंसी पड़ने पर क्विक रिएक्शन के लिए वाटर स्कूटर ब्रिगेड भी मौजूद रहेगी. यह स्कूटर पानी में फर्राटा भरेगी और कुछ ही वक्त में जरूरत की जगह पहुंच जाएगी. महाकुंभ में फिलहाल पचीस वाटर स्कूटर चलाए जाने की योजना है. ज्यादा संख्या होने की वजह से उनके ड्राइवर्स को ब्रिगेड का नाम दिया गया है. इस बार के महाकुंभ में इसके अलावा दो फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन भी बनाए जाएंगे. इन्हें संगम और वीआईपी घाट पर बनाया जाएगा. तैरती जेटी पर प्राथमिक उपचार के साथ दुर्घटना की स्थिति में निपटने के लिए सभी आवश्यक उपकरण भी होंगे. अलग से नावें और अनाकोंडा बोट भी पीएसी को उपलब्ध कराई जाएंगी. इन सभी उपकरणों की खरीद के लिए एक अक्टूबर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.इस बारे में कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद का कहना है कि आस्था के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है. मेला में घाटों की संख्या का विस्तार होने की वजह अब नदियों में आठ किलोमीटर लंबी डीप वाटर बैरिकेटिंग बनाई जाएगी. सुरक्षा को लेकर हाईटेक इंतजाम किए जाएंगे. यह पहला मौका होगा जब ए आई आर्टिफिशियल इंटे. लिजेंस का भी इस्तेमाल किया जाएगा.।





लोटस 300 हाउसिंग प्रोजेक्ट में करोड़ों के घोटाले मामले में रिटायर आईएएस अफसर मोहिंदर सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं. ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए देश भर के दर्जन भर ठिकानों पर छापेमारी की. इनमें दिल्ली से लेकर मेरठ, नोएडा और चंडीगढ़ में रेड हुई. इस दौरान रिटायर्ड प्ै एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व ब्म् रहे मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास से सौ करोड़ की चल अचल संपत्ति का पता चला है. पूर्व आईएएस मो. हिन्दर सिंह साल 2007 से 2011 के बीच बसपा सरकार कई अहम पदों पर रहे हैं. उन्होंने नोएडा और लखनऊ में करोड़ों की लागत से महापुरुषों के नाम पर स्मारक और पार्कों का निर्माण करवाया. इसके अलावा कई निजी बिल्डरों को भी फायदा पहुंचाने का आरोप है.

पांच करोड़ का हीरा भी बरामद सूत्रों के मुताबिक ईडी की रेड में मोहिंदर सिंह के घर से करीब एक करोड़ रुपये कैश, 12 करोड़ रुपये के हीरे मिले हैं इनमें एक हीरे की कीमत पांच करोड़ रुपये हैं. इसके अलावा 7 करोड़ की कीमत के सोने के जेवरात और केस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद हुए हैं. ये 300 करोड़ रुपये का घोटाला था, जिसमें म्क ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया था. जल्द ही विजिलेंस की टीम भी मोहिन्दर सिंह से पूछताछ कर सकती है. पूर्व आईएएस के घर ईडी की छापेमारी में 100 करोड़ रूपयों तक की संपत्ति से जुड़े सबूत मिले हैं. उनके घर से एक पांच करोड़ रुपये का हीरा भी मिला है. इस बारे में जब उनसे पूछताछ की गई तो हीरे के बारे में भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके. दावा है कि अब तक यूपी में किसी सरकारी अफसर के घर से छापे में इतने हीरे नहीं मिले हैं. बसपा सरकार में मोहिंदर सिंह की धाक हुआ करती थी, उन पर आरोप है कि नोएडा अथॉरिटी के ब्म् रहते हुए बिल्डरों संग मिल कर 636 करोड़ का जमीन घोटाला किया था.



पूर्व आईएएस मोहिन्दर सिंह

लोटस प्रोजेक्ट के संचालकों के साथ उनकी अच्छी सांठ–गांठ थी, जिनके साथ मिलकर उन्होंने करोड़ों का वारा न्यारा किया, इस मामले में अब विजिलेंस भी एक्टिव हो गई है. ईडी के छापे के बाद विजिलेंस भी उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस देने जा रही है. ईडी स्मारक घोटाले में उनसे सवाल–जवाब कर सकती है. स्मारक घोटाले में उनका नाम आने के बाद वो ऑस्ट्रेलिया चले गए थे. वहां से क़रीब दो साल बाद वो वापस लौटे हैं. इस मामले में भी कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है.।

## श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में लगी आग, गर्भगृह के पास उठते शोलों को देखकर मचा हड़कंप





वाराणसी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में गर्भगृह के पास आग लगने की घटना सामने आई। गुरुवार भोर में शार्ट–सर्किट होने से आग लगने से हड़कंप मच गया। मंदिर में मौजूद भक्त आग को देखकर इधर–उधर भागने लगे। हालांकि, सेवादारों और पुलिसकर्मियों की सजगता से किसी को आग से कोई हानि नहीं हुई। दरअसल, काशी विश्वनाथ धाम में मंगला आरती के बाद नियमित व्यवस्था के तहत दर्शनार्थी बाबा का स्पर्श दर्शन कर रहे थे। इस बीच सुबह 4रू55 बजे गर्भगृह के दक्षिणी प्रवेश द्वार से मंदिर के स्वर्ण शिखर तक गए केबल में शार्ट–सर्किट से चिंगारी निकलने लगीमंदिर के शिखर पर चिंगारी भड़कती देखकर सेवादारों और पुलिसकर्मियों ने तत्काल दर्शनार्थियों को वहां से हटाया। चिंगारी के कारण शिखर में बने एक ताखे में आग के गोला की तरह दिख रही थी। आग लगने की घटना को देखते ही तत्काल मंदिर में बिजली की आपूर्ति को रोका गया। बिजली काटने के बाद शॉर्ट सर्किट पर काबू पाया। कोई बड़ी घटना नहीं घटी। हालांकि, श्रद्धालुओं में दहशत भर गया। इस कारण इस कारण दक्षिणी द्वार की तरफ से श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश करने से डर रहे थे।दिर के गेटों से हटाए गए श्रद्धालु मंदिर में आग लगने की घटना के बाद सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने सभी द्वार से श्रद्धालुओं को हटा दिया। बि. जलीकर्मियों ने मंदिर में लगे केबल की जांच की। जांच में गर्भगृह दक्षिणी प्रवेश द्वार से बिजली के केबल में फाल्ट पाया। मंदिर के एसडीएम शंभु कुमार ने बताया कि गर्भगृह में काफी पुराने तारों से बिजली आपूर्ति हो रही है। बारिश से स्पार्किंग और शार्ट–सर्किट हुआ। इससे दक्षिणी द्वार से थोड़े समय के लिए दर्शन–पूजन बाधित रहा। किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है।परिसर का कराया गया सिक्यूरिटी ऑडिट दक्षिणी प्रवेश द्वार की तरफ हुईआगलगी की घटना के बाद मंदिर प्रशासन सतर्क हो गया।पूरे दिन मंदिर परिसर का सिक्यूरिटी ऑडिट कराया गया। एसडीएम के नेतृत्व में बिजली मैकेनिक और इंजीनियरों की टीम ने एक–एक हिस्से में बिजली केबल और आपूर्ति वाले क्षेत्रों की जांच की। इसके साथ ही पुराने तारों को चिह्नित किया है। एसडीएम ने बताया कि चूंकि मंदिर के पुराने हिस्से में पुराना केबल दौड़ा दिया है। कुछ हिस्सों में नवीनीकरण हुआ है। अन्य स्थानों का भी सिक्यूरिटी ऑडिट कराए जाने की तैयारी है।

## प्रेमिका के परिजनों ने ईंट से कूचकर प्रेमी को उतारा मौत के घाट, चार दिन बाद मिला शव, 3 गिरफ्तार



गोंडा से प्रेम प्रसंग में हत्या का मामला सामने आया है, पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है.19 वर्षीय संदीप कनोजिया संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब था और चार दिन बाद उसका सड़ा हुआ शव जब गन्ने के खेत में मिला था. पिता की लिखित तहरीर के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी. इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने 19 वर्षीय संदीप कनौजिया की प्रे. मिका संजू और उसके माता–पिता को गिरफ्तार किया.

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि संदीप कनोजिया और संजू का प्रेम प्रसंग चल रहा था.14 सितंबर की रात संदीप ने संजू को मिलने के लिए बुलाया था और संजू अपने घर से संदीप से मिलने के लिए आई थी उसी के पीछे उसके प्रेमिका संजू मां–बाप आ गए और पीछे से प्रेमी संदीप के सिर पर ईट से हमला कर दिया और हमला करने के बाद हत्या कर शव को गन्ने में छोड़कर चले गए थे जब शव से दुर्गंध आने लगी तो लोगों की जानकारी हुई उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है.

तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार मृतक के पिता रामबहोर पुत्र स्व० बदली की लिखित तहरीर पर थाना छपिया में नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया. आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीमों का गठन किया गया. थाना छपिया पुलिस टीम द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मृतक का टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है.

पुलिस पूछताछ में क्या बोले आरोपी पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा बताया गया की संदीप कुमार (मृतक) व संजू मौर्या के मध्य प्रेम प्रसंग था और मृतक पिछले कुछ दिनों से संजू को ब्लैकमेल करने लगा था .यह बात संजू ने अपने माता–पिता को बतायी और तीनों ने मिलकर संदीप को ठिकाने लगाने की योजना बनायी . दिनांक 14 सितंबर की रात्रि संदीप ने संजू मौर्या को फोन कर मिलने हेतु उसको घर से बाहर बुलाया .संजू संदीप से मिलने चली गयी, पीछे से संजू के माता–पिता भी आ गए और संदीप के ऊपर ईट से वार कर उसकी हत्या कर दी और लाश को नजदीक ही गन्ने के खेत में फेंक दिया.क्या बोले अपर पुलिस अधीक्षकअपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज रावत ने बताया कि दिनांक 18 दिसंबर को ग्राम भोपतपुर थाना छपिया निवासी रामबहोर द्वारा थाना छपिया पुलिस को सूचना दी गई. उसके पुत्र संदीप कुमार कनौजिया की हत्या कर उसके लाश को गाने के खेत में फेंक दिया गया है. इस सूचना पर तत्काल स्थानीय थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया. शव के पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया. मौके पर डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई है. वादी की लिखित तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में उपयोग पंजीकृत किया गया. आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा टीमों का गठन किया गया. इसी क्रम में आज दिनांक 19 सितंबर को तीन हत्या आरोपी लल्लन संजू मौर्य एवं विमला देवी को गिरफ्तार कार्यालय के समक्ष पेश किया जा रहा है. प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

## तिरुपति लड्डू विवादरू देवकी नंदन ठाकुर ने कहा यह बहुत ही दुखद, दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो

तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी वाले तेल का इस्तेमाल को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. वहीं इसको लेकर प्रसिद्ध कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुरजी महाराज ने भी सवाल उठाए है. उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मांस की मिलावट की खबर जो सामने आ रही है, वह बहुत ही दुखद है, आत्मा का वध करने जैसा है. सनातनियों की भावना के साथ कोई इतना छेड़छाड़ कर सकता है, वह भी राज्य के सरकार के संरक्षण और देखरेख में हो रहा वो मेरी समझ से परे है. हम लोगों के संविधान में कहा गया है कि सभी अपनी पूजा पद्धति अपने–अपने तरीके से मानेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि क्या संविधान में यह कहा गया है कि हमारी पूजा पद्धति पर राज्य सरकार का अधिकार होगा या कमेटी बनेगी. इसके साथ ही इसमें मिलावट होगी या कोई ऐसी चीज मिला दी जाएगी जिससे सनातिनयों का धर्म भष्ट हो जाएगा. तिरुपति में जिस तरह पवित्रता का ध्यान रखा जाता है हम सब जानते है लेकिन जिस तरह की खबरें सामने आ रही है वो ठीक नहीं है, अगर यह सच है तो निश्चित तौर से हम सब सनातनियों के साथ बहुत बड़ा आघात हुआ है. मेरी सनातनियों से गुजारिश है कि इसके



खिलाफ सभी मिलकर खड़े हो और जल्द से जल्द यह पता लगाया जाए कि इन सबके पीछे कौन है, उसे जल्द गिरफ्तार कर उस पर कठोर कार्रवाई की जाए.

क्या है पूरा मामला?आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि जगनमोहन रेड्डी के सरकार में रहते हुए तिरुपति मंदिर के प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी को मिलाया जाता था. एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल हुआ था, इसके अलावा भी दोयम दर्जे के सामान का इस्तेमाल होता था. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि घी सहित उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का अब इस्तेमाल किया जा रहा है और मंदिर में सभी भोजन प्रसाद अब बेहतर गुणवत्ता के हैं.

# दिल्ली में बिजली कीमतों में बढ़ोतरी पर आतिशी का बड़ा दावा, 4 महीने तक CM रहूंगी

## आतिशी ने कहा कि बीजेपी यूपी में बिजली दर में 118 फीसदी की बढ़ोतरी की



दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहीं आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आ. तिशी ने बीजेपी पर बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि चार महीने तक मैं मुख्यमंत्री रहूंगी तो मैं दिल्लीवासी की रक्षा करूंगी, मैं वादा करती हूं कि हम दिल्ली वालों का बिजली बिल नहीं बढ़ने देंगे.उन्होंने शुक्रवार (20 सितंबर) को कहा, बीजेपी यूपी में बिजली दर में 118 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है. यह वहीं भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की सरकार है, जिसने इस साल गर्मी के मौसम में आठ–आठ घंटे के पावर कट लगाए. ये आठ–आठ घंटे के पावर कट किसी दूर दराज के गांव में नहीं लग रहे थे बल्कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद, सा. हिबाबाद में लग रहे थे. ऐसे में बीजेपी का बिजली का क्या मॉडल है? इनका मॉडल लंबे–लंबे पावर कट और सबसे मंहगी बिजली है.आतिशी ने बताया केजरीवाल का बिजली मॉडलआतिशी ने कहा, यही कारण है कि दिल्लीवालों के लिए बहुत जरूरी है कि वो फिर से अरविंद केजरीवाल को चुनकर लेकर आऔर उन्हें फिर से दिल्ली का सीएम बनाएं. वरना जो हम यूपी में देख रहे हैं वहीं हमें दिल्ली में देखने को मिलेगा. आज अरविंद केजरीवाल का बिजली मॉडल, 24 घंटे बिजली और सबसे सस्ती बिजली है. आतिशी ने बताया कि इस साल दिल्ली में 19 जून को आठ हजार चार सौ मेगा वाट की पीक डिमांड पर भी पावर कट नहीं हुए. यानी दिल्ली सरकार 24 घंटे बिजली देती है. दिल्ली में 37 लाख उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनका बिजली का बिल जीरो आता है, जबकि 15 लाख परिवार ऐसे हैं जिन्हें बिजली आधे दाम पर मिलतीदिल्ली की नई सीएम ने कहा, अगर इसे बीजेपी शासित अन्य राज्यों से तुलना करें, तो दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली मिलती है. दिल्ली में 400 यूनिट बिजली का बिल980 रुपये आता है. वहीं गुजरात के अहमदाबाद में 2044 रुपये, हरियाणा के गुरुग्राम में 2300 रुपये, उत्तर प्रदेश में 2900 रुपये, मध्य प्रदेश में 3800 रुपये और महाराष्ट्र में 4460 रुपये बिजली का बिल आता है.उन्होंने आगे कहा कि इसीलिए जब फरवरी में चुनाव आएगा तो दिल्लीवालों को मिलकर फिर से केजरीवाल को सीएम बनाना ही दिल्ली में 24 घंटे बिजली और सबसे सस्ती बिजली आएगी. जब तक अगले चार महीनों तक मेरे पास दिल्ली सीएम पद की जिम्मेदारी है तब तक मैं दिल्ली के लोगों की रक्षा करने का प्रयास करूंगी, क्योंकि मुझे पता है आने वाले चार महीने में भी बीजेपी एलजी के माध्यम से कोई न कोई साजिश जरूर रचेगी.


# यूपी के एक और कॉलेज में शुरू हुई वकालत की पढ़ाई, हर साल निकलेंगी 120 महिला वकील

## प्रयागराज में स्थित आर्य कन्या गर्ल्स पीजी कॉलेज ने अपनी स्थापना के 50 वें वर्ष में प्रवेश किया




संगम नगरी प्रयागराज में इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी से संबद्ध आर्य कन्या गर्ल्स पीजी कॉलेज ने अपनी स्थापना के पचासवें साल में प्रवेश कर लिया है. कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस नीरज तिवारी ने एक समारोह में किया. उन्होंने इस मौके पर कॉलेज की नई लॉ फैकेल्टी और यहां लगाई गई लिफ्ट का भी शुभारंभ किया. कॉलेज में इसी साल से एक सौ बीस छात्राओं को कानून की पढ़ाई भी कराई जाएगी. कॉलेज की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के मौके पर यहां पूरे साल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.छात्राओं को यहां पांच साल का कोर्स कराकर बीए एलएलबी की डिग्री दी जाएगी. जस्टिस नीरज तिवारी ने इस मौके पर कहा कि इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी को पूरब का ऑक्सफोर्ड कहा जाता है. पूरे देश में इस यूनिवर्सिटी की अलग और खास पहचान है. यहां से संबद्ध लड़कियों के आर्य कन्या पीजी कॉलेज में कानून की पढ़ाई शुरू होने से हर साल एक सौ बीस महिला वकील तैयार होंगी. उनके मुताबिक वकालत के पेशे में महिलाएं तेजी से शामिल हो रही हैं और बेहतर काम कर अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं.क्या बोले चेयरमैन पंकज जायसवाल कॉलेज की गर्वनिंग बॉडी के चेयरमैन पंकज जायसवाल ने इस मौके पर बताया कि नए सेशन से आर्य कन्या गर्ल्स पीजी कालेज में बीएससी की पढ़ाई भी शुरू कराई जाएगी. इसके लिए नई बिल्डिंग भी तैयार कराई जा रही है. इलाहाबाद यूनिवर्सिटी और इससे जुड़े कालेजे में आर्य कन्या गर्ल्स पीजी कॉलेज पहले ऐसा संस्थान बन गया है, जहां स्टूड. ेंट्स के लिए लिफ्ट की सुविधा शुरू की गई है. एयर कंडीशनर होंगे क्लासरूम चेयरमैन पंकज जायसवाल के मुताबिक यहां की छात्राओं को एयर कंडीशनर क्लासरूम में कानून की पढ़ाई कराई जाएगी. यह सुविधा अभी यूनिवर्सिटी के मेन कैंपस और इससे जुड़े किसी दूसरे कॉलेज में नहीं है. स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष शुरू होने के मौके पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नाम. चीन कवियों ने अपनी रचनाएं पेश की.

# यूपी में बेटी के जन्म पर यहां करें इनवेस्ट, इनकम टैक्स में मिलेगी छूट, 15 साल की होगी



बेटियों के जन्म पर अक्सर मां बाप ज्यादा खुश नहीं होते, क्योंकि बेटी के जन्म के साथ उन्हें भविष्य की तमाम तरह की चिंताएं सताने लगती है. लेकिन अब आप अपनी बेटी के लिए कुछ अलग भी कर सकते हो. बेटी के जन्म पर भारत सरकार की इस योजना में करें निवेश और उसके बालिक होने पर उठाए लाभ, केंद्र सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना जिसमे महज 250 रुपए में खाता खोलकर बेटी के भविष्य को सुरक्षित रख सकते हैं और चिंता मुक्त हो सकते हैं. सरकार भी बेटियों के भविष्यऔर उनके आगे बढ़ने के लिए

तमाम प्रयास कर रही है. ऐसे में डाक घर में ये सुविधा और योजना शुरू की है. जिसमे आप अपनी बेटी के जन्मलेते ही उसका खाता सिर्फ 250 रुपए में खोल सकते हैं. उसके 18 वर्ष पूरे होने या उसी हाईस्कूल पास होने पर इस योजना एक लाभ ले सकते हैं जो आपकी बेटी के लिए वरदान साबित होगा.खाते में 1.50 लाख जमा कर सकते हैइस योजना को 17 सितंबर से 21 सितंबर तक युद्ध स्तर पर प्रचार किया जा रहा है . इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों के खाता खोलने के प्रयास हो रहे हैं. इस योजना एक चलते आप देश के किसी भी डाक खाने में ये सुविधा का लाभ ले सकते हैं, और इस खाते को आप कहीं भी ट्रांसफर करा सकते हैं. इस खाते में अभिभावक 1.50 लाख रुपए तक जमा कर सकते हैं. जिस पर उन्हें आयकर में भी छूट मिलेगी और कोई टैक्स भी नही देना होगा. इस योजना का लाभ उठाकर आप अपनी बच्ची का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं.15 वर्ष तक ही चलेगी योजनाइस योजना को सिर्फ 15 वर्ष तक ही चलाया जाए सकता है. जिसके बाद ये पूर्ण हो जाएगा इस योजना में एक और लाभ भी दिया गया है.

जिसमे किसी आपात. स्थिति में अभिभावक इस रकम से 50 प्रतिशत कभी भी नकाल सकते हैं और शेष रकम अवधि पूरी होने पर इसके लिए बच्ची की उम्र 18 साल या फिर वो हाईस्कूल की शिक्षा पूर्ण कर चुकी हो तभी पूरा माना जायेगा.

इस योजना को खोलने के लिए या इसका लाभ लेने के लिए डाकघर में बच्ची का खाता खोलने के लिए जैसे आधार कार्ड एवं फोटो, माता, पिता या अभिभावक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो की जरूरत पड़ती है.

इसके साथ ही बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र भी लगेगा.।

# कैंसर से जंग हार गए पत्रकार रवि प्रकाश, CM हेमंत सोरेन बोले– जिंदादिल इंसान अमर रहते हैं

कैंसर की बीमारी से जूझ रहे पत्रकार रवि प्रकाश का निधन हो गया. लंग कैंसर से लड़ते हुए रवि जिंदगी की जंग हार गए. वहीं उनके निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दुख जताया. सीएम सोरेन ने कहा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं. आप बहुत याद आएंगे रवि भाई. कैंसर से अपनी लड़ाई के बारे में रवि प्रकाश सोशल मीडिया पर लगातार लिख रहे थे और अनुभव लोगों के साथ शेयर कर रहे थे. सोशल मीडिया श्एक्सश पर उनका आखिरी पोस्ट 18 सितंबर का है. इसमें उन्होंने लिखा था, ष्कैंसर की राह थोड़ी कठिन होती जा रही है. रात कष्टप्रद थी. सुबह क्रूर थी. डॉक्टर परिस्थितियों को ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं. ऑक्सीजन सपोर्ट से थोड़ी राहत मिली है. आगे देखते हैं.इसी महीने अमेरिका में मिला था अवॉर्ड अमेरिका की इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर नाम की संस्था ने उन्हें 8 सितंबर को सम्मान से नवाजा था. ये संस्था लंग कैंसर की बीमारी का अध्ययन करती है और उन्हें अवार्ड देती है जो अपने देश में मरीजों की आवाज बनते हैं.वहीं अवॉर्ड मिलने पर रवि प्रकाश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, ष्मेहरबानों, कद्रदानों, दोस्तों, आखिर वो घड़ी आ गई, जिसका मुझे लंबे वक्त से इंतजार था. मेरे डॉक्टर्स के इलाज की बदौलत मैं अमेरिका पहुंचा और IASLC ने मुझे इस साल का पेशेंट एडवोकेट एडुकेशन अवार्ड दे दिया. सैन डियेगो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड लंग कैंसर कांफ्रेंस में यह पुरस्कार IASLC के अध्यक्ष डॉ पॉल वैन और सी. ईओ करेन कैली की मौजूदगी में दिया गया.साल 2021 में कैंसर का शिकार हुए थे रवि साल 2021 की शुरुआत में रवि प्रकाश को ये पता चला था कि उन्हें लंग कैंसर जैसी घातक बीमारी ने जकड़ लिया है. जब उन्हें इस बीमारी का पता चला तब वे कैंसर की चौथे स्टेज पर थे. वहीं इसके बाद लंग्स का कैंसर उनके दिमाग तक पहुंच गया था. इसके बाद रवि प्रकाश का मुंबई के टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट में अपना लंबे समय तक इलाज करवाया. वहीं अब इस जानलेवा बीमारी से जंग लड़ते लड़ते रवि ने इस दुनिया को शुक्रवार (20 सितंबर) को अलविदा कह दिया.।


### भोपाल में कांग्रेस ने निकाली किसान न्याय यात्रा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और अजय सिंह ने चलाए ट्रैक्टर

भोपाल में किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस एक बार फिर सड़क पर उतरी. पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और अजय सिंह के साथ हजारों किसान भी ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए.मध्य प्रदेश में कांग्रेस समर्थन मूल्य के मुद्दे पर लगातार मोहन यादव सरकार को घेर रही है.

राजधानी भोपाल में आज (शुक्रवार) फिर कांग्रेस का तेवर आक्रामक दिखाई दिया.किसान न्याय यात्रा में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और अजय सिंह श्राहुल भैयाश शामिल हुए. पुलिस ने हंगामे की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूरी कर रखी थी. पहली बार बैरिकैं. डंग के साथ बुलडोजर भी तैनात किये गये थे.सूरज नगर तिराहे पर बड़ी संख्या में जवानों के साथ दो बुलडोजर नजर आये. कांग्रेस के प्रदर्शन में 150 से ज्यादा ट्रैक्टर लेकर किसान पहुंचे. पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और अजय सिंह ट्रैक्टर चलाकर कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा में शामिल हुए.कांग्रेस ने मांग की कि किसानों को सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रुपये, धान का 3100 रुपये और गेहूं का 2700 रुपये दिया जाये. भोपाल सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान पहुंचे थे.किसान न्याय यात्रा को लेकर ट्रैकिफ पुलिस ने कुछ मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया हुआ था. कुछ मार्ग परिवर्तित किए गये थे. थाना रातीबढ़ क्षेत्र अंतर्गत नीलबढ़ तिराहा–साक्षी ढाबा से सूरज नगर तिराहा के बीच दोपहर 2 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहा.

# 20 सितंबर से शुरू हुए श्राद्ध 2 अक्टूबर तक चलेंगे

## 21 सितंबर को चतुर्थी श्राद्ध



आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से अमावस्या तक पितृ पक्ष चलता है. पितृपक्ष के दौरान व्यक्ति अपने पितरों को याद करता है. पितृपक्ष के अवसर पर लोग पितरों का पिंडदान करते हैं.
पितृपक्ष के दौरान खान–पान से लेकर आचार–विचार पर विशेष ध्यान दिया जाता है. इस मौके पर घर में कुछ भी खरीदना या किसी भी तरह का कोई शुभ काम नहीं किया जाता है. शनिवार 21 सितंबर को पितृ पक्ष का चौथा दिन है. आइए जानते हैं चौथे दिन के अवसर पर श्राद्ध के नियम और शुभ मुहूर्त के बारे में चौथे दिन का श्राद्ध किसके लिए? पितृ पक्ष के महीने में चौथे दिन का श्राद्ध उन मृत परिजनों के लिए किया जाता है, जिनकी मौत चतुर्थी तिथि को हुई थी. चतुर्थी तिथि को चौथ श्राद्ध भी कहा जाता है. पितृ पक्ष श्राद्ध को पार्वण श्राद्ध भी कहा जाता है. श्राद्ध को शुभ मुहूर्त में करने से पितर प्रसन्न होते हैं.चतुर्थी श्राद्ध के दिन तीन शुभ मुहूर्त है. 21 सितंबर 2024, शनिवार के दिन कुतुप मुहूर्त का समय सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर के 12 बजकर 38 मिनट तक है. इसके बाद रौहिण मुहूर्त का समय दोपहर 12 बजकर 38 मिनट से शुरू होकर दोपहर के 1 बजकर 27 मिनट तक चलने वाला है. वही अपराह्न काल का समय दोपहर के 1 बजकर 27 मिनट से लेकर 3बजकर 53 मिनट तक चलने वाला है।

### नियमः–


**श्राद्ध के चौथे दिन पितरों से जुड़े पूजा–अनुष्ठान को शुभ मुहूर्त में करें.जिस भी व्यक्ति की कुंडली में पितृ दोष है, वे अपने पितरों की मुक्ति के लिए पिंडदान कर सकता है.श्राद्ध के दौरान गंगा नदी में नहाना बेहद शुभ माना जाता है.चौथे दिन के श्राद्ध में गाय, कौऐ, कुत्ते, चींटी को गिरा देना चाहिए.श्राद्ध के मौके पर ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ दान–दक्षिणा देनाचाहिए.पितरों की शांति के लिए घर में गायत्री मंत्र का पाठ करना चाहिए.इस दौरान घर में आए मेहमानों काअपमानकरने से पितर नाराज हो जाते है। श्राद्ध के महीने में घर में सात्विक माहौल बनाए रखें.गौमाता के साथ प्यार से बर्ताव करें और गाय को रोटी बनाकर खिलाएं.पितृ पक्ष के दौरान अधिक से अधिक पूजा–पाठ करना**

**चाहिए. ।**

## शनि देव की नाराजगी मिनटों में होगी खत्म

ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को क्रूर ग्रह माना जाता है. इसका कारण यह है कि शनि देव व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार ही अच्छा या बुरा फल देते हैं. अगर आपने जाने–अनजाने में बुरा काम किया है तो आप शनि देव की दृष्टि से नहीं बच सकते और इसका दंड जरूर मिलता है.साथ ही शनि देव की नाराजगी से भी जीवन में परेशानियों का अंबार लग जाता है. शनि देव जब किसी से नाराज हो जाते हैं तो उसे परिश्रम का फल नहीं मिलता, संबंधों में खटास आती है, रिश्ते–नाते टूट जाते हैं, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां शुरू हो जाती है. इसलिए ऐसा कोई काम न करें, जिससे आपको शनि देव की नाराजगी का सामना करना पड़े.साथ ही जिन लोगों की कुंडली में शनि कमजोर स्थिति में हो, शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही हो तो ऐसे लोगों को भी शनि महाराज कई मुश्किलों में डाल देते हैं.प्रसिद्ध भविष्यवक्ता और ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास कुछ ऐसे ज्योतिषी उपाय बताते हैं, जिनसे शनि देव प्रसन्न होते हैं. साथ ही इन उपायों को करने से शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या का प्रतिकूल प्रभाव भी कम होता है.शनि देव को प्रसन्न करने के उपाय ज्योतिष के अनुसार शनिवार के दिन शनि देव की पूजा करने से वे खूब प्रसन्न होते हैं. साथ ही इस दिन हनुमान जी का भी पूजन करें. इससे सभी कष्टों से मुक्ति मिलेगी.
शनिवार के दिन शनि महाराज के साथ ही पीपल वृक्ष की भी पूजा करें. पीपल वृक्ष के जल में जल डालें और सरसों तेल का दीप जलाएं.यदि आपसे जाने–अनजाने में कोई भूल हुई है तो शनि देव के अपनी गलतियों के लिए माफी मांगें. सही कर्म करने का प्रण लें और गलतियों का पश्चापात करें, इससे शनि देव आपका जरूर कल्याण करेंगे. शनि देव की कृपा पाना चाहते हैं तो भूलकर भी बेजुबान पशुओं,मजदूर वर्ग, असहाय और बुजुर्गों को न सताएं.

## शारदीय नवरात्रि में पालकी पर सवार होकर आएंगी माता रानी



नवरात्रि का त्योहार साल में चार बार मनाया जाता है, जिसमें दो प्रत्यक्ष और दो अप्रत्यक्ष नवरात्र होते हैं. आश्विन माह में पड़ने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है. शारदीय नवरात्रि प्रत्यक्ष नवरात्रि होती है, जिसे देशभर में उत्सव की तरह धूमधाम के साथ मनाया जाता है. साथ ही शारदीय नवरात्रि अन्य तीनों नवरात्रि में सबसे अधिक प्रचलित और लोकप्रिय भी है. शारदीय नवरात्रि 2024 कब पंचांग के मुताबिक नौ दिवसीय नवरात्रि का पर्व आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक होता है. तिथि अनुसार इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार 03 अक्टूबर से हो रही है, जिसका समापन 12 अक्टूबर 2024 को होगा. नवरात्रि के इन नौ दिनों में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा ने अलग–अलग नौ रूपों की पूजा की जाती है.माता रानी का वाहन (ळवककमे क्नतहं टमीपबसम) नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन और विदाई खास वाहन में होता है, जिसका ज्योतिष में अलग–अलग अर्थ बताया गया है. मां दुर्गा के आगमन और विदाई के वाहन से देश–दुनिया, प्रकृति, फसल और मानव जीवन में पड़ने वाले अच्छे–बुरे प्रभाव का अनुमान लगाया जाता है. इसलिए नवरात्रि में मां दुर्गा की सवारी को महत्वपूर्ण माना जाता है. पालकी पर आ रही हैं माता रानी माता रानी के आगमन या विदाई का वाहन क्या होगा यह वार के अनुसार तय होता है. इसलिए हर बार माता रानी की सवारी बदल जाती है. इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार के दिन से होगी. ऐसे में माता रानी का वाहन पालकी रहेगा. कहा जाता है कि नवरात्रि की शुरुआत जब गुरुवार के दिन होती है तो मां की सवारी डोली या पालकी होती है.मां दुर्गा का पालकी पर आना शुभ या अशुभ?ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास के अनुसार, नवरात्रि में मां दुर्गा जब धरती पर डोली या पालकी में आती हैं तो इसे बहुत अच्छा संकेत नहीं माना जाता है. दरअसल माता रानी का पालकी में आना चिंता का विषय बन सकता है. इससे अर्थव्यवस्था में गिरावट,व्यापार में मंदी, हिंसा, देश–दुनिया में महामारी के बढ़ने और अप्राकृति घटना के संकेत मिलते हैं. वार के अनुसार माता रानी का वाहन वैसे तो माता रानी का वाहन सिंह है, इसलिए मां दुर्गा को शेरावाली कहा जाता है. लेकिन नवरात्र के दिनों में जब मां दुर्गा पृथ्वीलोक पर आती हैं तो वार के अनुसार उनकी सवारी बदल जाती है.इस श्लोक के अनुसार– सप्ताह के सातों दिनों के अनुसार देवी के आगमन का अलग–अलग वाहन बताया गया है. इसके अनुसार, नवरात्रि का आरंभ सोमवार या रविवार से हो तो मां हाथी पर आती हैं. शनिवार और मंगलवार से हो तो मां अश्व यानी घोड़े पर आती है. गुरुवार और शुक्रवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होने पर माता रानी डोली या पालकी पर आती हैं. वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होने पर मां दुर्गा का वाहन नाव होता है.

## साल 2024 में कितने ग्रहण लग चुके हैं, क्या फिर लगने जा रहा है कोई ग्रहण?

साल 2024 में भी चार ग्रहण देखने को मिलेंगे. इनमें से दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण होंगे. साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण 25 मार्च 2024 होली के दिन लगा था. वहीं, दूसरा चंद्र ग्रहण बुधवार 18 सितंबर को लगा था. इसके अलावा, पहला सूर्य ग्रहण सोमवार 8 अप्रैल को लगा था. दूसरा सूर्य ग्रहण) बुधवार 2 अक्टूबर को लगने जा रहा है. विशेष बात यह है कि दोनों ग्रहण के दिन समान ही हैं. यानी कि पहला चंद्र और सूर्य ग्रहण सोमवार को हैं. वहीं दूसरा चंद्र और सूर्य ग्रहण बुधवार को हैं भविष्यवक्ता और कुण्डली विशेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि यह ग्रहण दक्षिण अमेरिका, उत्तरी–अमेरिका के दक्षिणी भागों, प्रशान्त महासागर, एटलांटिक महासागर और न्यूजीलैंड, फिजी आदि देशों में कुछ समय के लिए दिखाई देगा. दिखाई देने वाले मुख्य देश होंगे–चिली, अर्जेंटीना, ब्राजील, मैक्सिको, पेरू, न्यूजीलैंड और फिजी में हालांकि, यहां भी बहुत कम समय के लिए दिखाई देगा. इस ग्रहण की कंकण कृति केवल दक्षिणी चिली और दक्षिणी अर्जन्टीना में ही दिखाई देगी.सूर्य ग्रहण लगने से 12 घंटे पहले इसका सूतक काल शुरू हो जाता है और ग्रहण लगने के बाद तक रहता है, लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा, इसलिए यहां पर इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा. डा. अनीष व्यास के अनुसार जब धरती से ठीक एक लाइन में सूर्य , चंद्रमा ) आ जाते हैं. यानी राहु और केतु पर ना होकर ऊंचे या नीचे होते हैं. तब



उसकी परछाई पृथ्वी पर नहीं पड़ती और बिंब छोटे दिखाई देते हैं. जिसकी वजह से सूर्य का मध्य भाग ढक जाता है और उसके चारों तरफ से रोशनी दिखाई देती है लेकिन, इसका मध्य भाग ढक जाता है. इस प्रकार के ग्रहण को कंकण सूर्य ग्रहण कहते हैं. जिसमें सूर्य कंगन के समान नजर आने लगता है.

शनिवार का दिन विशेष है. इस दिन ग्रहों की चाल को देखते हुए कुछ राशियों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा. मेष राशि वालों को पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है. कर्क राशि वालों को गुरुजनों का साथ मिलेगा, अन्य राशियों का हाल जानने के लिए यहां पढ़ें अपना कल का राशिफल



**मेष राशि कल का राशिफल :–**मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन कुछ खास रहने वाला है. यदि आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी. आपको बिजनेस में किसी नए काम को लेकर योजना बनानी होगी.

**वृषभ राशि कल का राशिफल** :– कल का दिन आपके लिए धर्म–कर्म के कार्य में बढ़ चढकर हिस्सा लेने के लिए रहेगा. पिताजी बिजनेस को लेकर आपको कोई सुझाव दे सकते हैं. आप कल जीवनसाथी से बातचीत करते समय कोई भी अहंकार भरी बात ना करें, नहीं तो लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे.

**मिथुन राशि कल का राशिफल** :– कल का दिन बिजनेस कर रहे हैं लोगों के लिए उतार–चढ़ाव भरा रहेगा. आपको अपने बिजनेस के किसी डील को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जिसमें गलत खानपान के कारण आपको सेहत में गिरावट आएगी.

**कर्क राशि कल का राशिफल** :– कर्क राशि के जातकों को कल कोई डिसीजन जल्दबाजी में नहीं लेना है. परिवार में चल रहे मतभेद दूर होंगे. आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी. ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है,

**सिंह राशि कल का राशिफल :–** सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन समस्याओं भरा रहने वाला है. आपका कोई काम पूरा न होने से मन परेशान रहेगा. आपको जीवनसाथी के करियर को लेकर टेंशन रहेगी.

**कन्या राशि कल का राशिफल :–** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन मिला–जुला रहने वाला है. नौकरी को लेकर आपके प्रयास बेहतर रहेंगे. बिजनेस में आपकी कोई डील फाइनल हो सकती है.रें.

**तुला राशि कल का राशिफलः–** तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन तनावग्रस्त रस रहने वाला है. आपका कोई काम पूरा होते–होते रह सकता है, जो आपको परेशानी देगा. जीवनसाथी को भी कोई पेट से संबंधित समस्या बढ़ेगी,

**वृश्चिक राशि कल का राशिफलः–** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए दिन भाग दौड़ भरा रहने वाला है. आपको काम की अधिकता रहने के कारण सिर दर्द आदि रहेगा, लेकिन आपका रुके हुए काम पूरे होंगे.

**धनु राशि कल का राशिफल** :– धनु राशि के जातकों को पार्टनरशिप में किसी काम को करने से बचना होगा. आपके किसी पत्रक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है. वाहनों का प्रयोग आप सावधान रहकर करें. आपको अपने बिजनेस में सहयोगियों से कोई नुकसान उठाना पड़ सकता है.

**मकर राशि कल का राशिफल :–** मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन धन–धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है. आप यदि कोई काम को लेकर लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगार होगी.

**कुंभ राशि कल का राशिफल :–**कुंभ राशि के जातकों के लिए कल दिन स्वास्थ्य का दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपकी कोई पुरानी समस्या दूर होगी. नौकरी में कार्यरत लोगों के अधिकारी, उनके कामों में पूरा साथ देंगे. आप किसी वाहन को बहुत ही सावधानी से चलाएं. भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा. जीवनसाथी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी.

**मीन राशि कल का राशिफल** :– मीन राशि के जातकों के लिए कल दिन अच्छा रहने वाला है. उनका किसी नये घर को खरीदने का सपना पूरा होगा. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ा काम मिल सकता है.

# सचिन के प्यार में अलीना खान बनी शिवांगी वर्मा, हिन्दू वादी संगठनों की मौजूदगी में रचाई शादी

## परिवार के विरोध के बाद अलीना ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर मदद मांगी



उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है, जहां प्रेम की खातिर एक युवती के द्वारा धर्म से नाता तोड़ दिया. इसके बाद युवती के द्वारा अपने प्रेमी से धर्म परिवर्तन के बाद हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली सबसे पहले प्रेमिका के द्वारा धर्म परिवर्तन किया. उसके बाद कोर्ट में शादी करने के बाद हिंदू रीति रिवाज से शादी की है. जिसकी चर्चा जिले भर में देखने को मिल रही है. युवती के द्वारा अब से कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया था. असल, पूरा मामला अलीगढ़ के तहसील खैर का है, जहां की रहने वाली अलीना के द्वारा 5 दिन पहले सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के बाद हिन्दू युवक से शादी करने की मांग की थी. वायरल वीडियो में अलीना ने कहा कि वह सचिन से प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है. परिवार के लोग इसे ये इजाजत नही देते वह धर्म परिवर्तन भी करना चाहती है. अलीना ने पुलिस और मुख्यमंत्री से खुद को मुक्त कराने की सोशल मीडिया के माध्यम से गुहार लगाई थी.वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने अलीना के परिवार से बातचीत की तो परिवार के द्वारा अलीना को मुक्त कर दिया.लम्बे समय से युवती कर रही थी मायुवती अलीना खान ने अपना धर्म परिवर्तन करने के बाद नया नाम शिवांगी वर्मा रख लिया. 19 सितंबर को वह अपने प्रेमी सचिन वर्मा उर्फ शौर्या के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची. जहां हिन्दू वादी संगठनों के द्वारा अपर जिलाधिकारी नगर न्यायालय में सभी की मौजूदगी में शादी कर ली. शादी के बाद ही उसने कोर्ट से निकलते ही अपनी, पति और ससुराल वालों की सुरक्षा की मांग करते हुए शादी को लेकर खुशी जाहिर की है. जिसमें अलीना का कहना था, आज सचिन से उसका विवाह हो चुका है. लम्बे समय से उसकी वह मांग कर रही थी. अलीना के घर से कोई शादी में शामिल नहीं हुआअलीना उर्फ शिवांगी कहती है. प्यार मिलने की खुशी को वह अपने शब्दों में बयां नहीं कर सकती. सचिन और अलीना आपस में काफी समय से प्यार करते हैं. अलीना का कहना है उसके द्वारा घरवालों से शादी की बात भी की थी, लेकिन वह इस शादी को कराने के लिए तैयार नहीं हुए और उसके साथ मारपीट करने लगे थे. यही कारण है उसके द्वारा वीडियो वायरल किया. बाद में परिजन मान गए थे,शादी के बाद वह बहुत खुश है. वहीं दूसरी ओर शादी के दौरान अलीना के घर से कोई शादी में शामिल नही हुआ,परिजनों के द्वारा अलीना से नाता तोड़ने की बात सामने आ रही

### वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ ( रजिस्टर्ड ) द्वारा आयोजित वार्ष्णेय प्रीमियर लीग वी पी एल दूसरे मैच मे आशु मास्टर टीम विजयी पीयूष गुप्ता प्रिंस बने मेन ऑफ द मैच , लव वार्ष्णेय आधुनिक ने झटके तीन विकेट



वार्ष्णेय युवा संगठन , महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) द्वारा वार्ष्णेय प्रीमियर लीग वी पी एल का दूसरा मैच धर्म समाज महाविद्यालय क्रीडा स्थल , जी टी रोड अलीगढ पर आयोजित हुआ। वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) के उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि इस क्रिकेट लीग के इस मैच का शुभारम्भ श्री वार्ष्णेय मंदिर के व्यवस्थापक राधे श्याम गुप्ता स्क्रेप , श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सी ए अतुल गुप्ता , सचिव सी ए गौरव वार्ष्णेय , प्रमुख समाजसेवी राहुल ट्रांसपोर्टर , प्रमुख समाजसेवी मिलन वार्ष्णेय पौली ट्यूब , संगठन के मुख्य सलाहकार एडवोकेट आकाशदीप वार्ष्णेय ने किया । अध्यक्ष धनंजय ज्वेलर्स महामंत्री मनोज गुप्ता लकी ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया । संचालन भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने किया ।क्रिकेट की कमेंट्री सुमित एडमिन, सोनू वार्ष्णेय , रूपम वार्ष्णेय एवं लव वार्ष्णेय ने अनोखे मे की । 12 ओवर के इस मैच मे ए जी स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया जो गलत साबित हुआ और अंत मे उनको यह मैच 19 रन से गँवाना पड़ा । दो दिनों की बारिश के बाद मैदान पर काफी ओस जमा थी। लो स्कोरिंग इस मैच मे बल्लेबाज एक एक रन को तरस रहे थे फिर भी मेन ऑफ द मैच रहे पीयूष गुप्ता प्रिंस ने सधी हुयी बल्लेबाजी करते हुए केवल 34 गेंदों मे कुल 47 रन बनाये आशु मास्टर टीम ने 4 विकेट खोकर 95 रन का सम्मान जनक स्कोर खड़ा किया । उसके जवाब मे ए जी स्ट्राइकर टीम 6 विकेट खोकर केवल 76 रन ही बना पायी । और 19 रन से हार गयी ।

आशु मास्टर टीम के लव वार्ष्णेय आधुनिक ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए ना सिर्फ तीन विकेट झटके वही आखिरी ओवर मैडन फैंकते हुए अपनी टीम को शानदार जीतदिलायी शाही भोज कैटर्स की ओर से मेन ऑफ द मैच के लिए 11000 रुपये का वाउचर भी दिया गया । साथ ही 1100 रुपये का वाउचर विपिन वार्ष्णेय राधारानीस्क्रेप की ओर से दिया गया । लव वार्ष्णेय आधुनिक द्वारा आखिरी ओवर मेडन डालने पर तनिष्क वार्ष्णेय राजाजी की ओर से 1100 रुपये एवं राजकुमार प्रिंस की ओर से 500 रुपये नगद की घोषणा की गयी । इस मैच के अवसर पर आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट , धनंजय ज्वेलर्स , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , मनोज गुप्ता लकी , प्रमोद बॉबी , रो. हित पीतल , गौरांग वार्ष्णेय , सुमित एडमिन , युगल वार्ष्णेय , मनीष वार्ष्णेय, विपिन वार्ष्णेय , समीर वार्ष्णेय सर ,आशु गुप्ता गैस, हिमांशु एन के , विकास वार्ष्णेय , सोनू वार्ष्णेय, तरुण वार्ष्णेय , पीयूष गुप्ता प्रिंस , अतुल राजाजी , अमित गुप्ता गौरव काका , सी ए अमित गुप्ता , अर्जुन वार्ष्णेय , हरीश चंद्र गुप्ता गुलाब जामुन, धर्मेंद्र चंद्रा , संजू जे एम डवलू आदि उपस्थित रहे।

## नगर निगम 13 नलकूप ऑपरेटर को छह महीने से नहीं मिला वेतन, बच्चों की नहीं दे पा रहे फीस, खाने के पड़े लाले



नगर निगम के अफसरों से वेतन के लिए अनुरोध कर चुके हैं, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। जब तक जल निगम के अधीन नलकूप था, तब तक वेतन मिल जा रहा था। मगर जब से नगर निगम के जलकल विभाग में आए हैं, तब से वेतन को लाले हैं।अलीगढ़ नगर निगम जल कल विभाग के 13 नलकूप ऑपरेटर को छह महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। इससे उनके घर की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। वह बच्चों की फीस भी नहीं दे पाए हैं। उनके पास लगातार स्कूल प्रशासन से फोन आ रहे हैं। वेतन को लेकर नगर निगम के अफसरों से शिकायत की भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।जल निगम ने नगला मसानी, महेंद्र नगर कालीदह, भुजपुरा और मथुरा रोड पर नलकूप बनवाए थे, जिसे मार्च 2024 को नगर निगम के जलकल विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था। चारों इलाकों में नलकूप ऑपरेटर विष्णु कुमार, डाल चंद्र, जितेंद्र कुमार सारस्वत, भगवान सिंह, मानिक चंद्र, ओमप्रकाश, बिट्टू, जितेंद्र कुमार जैन, बबलू खान, शाहरुख, हनीफ, मुमताज अहमद, सूरज कुमार की तैनाती है, जिन्हें मार्च 2024 से वेतन नहीं मिला है।फरवरी 2024 तक जल निगम ने उन्हें वेतन दिया था। नलकूप ऑपरेटर विष्णु कुमार ने बताया कि नगर निगम के अफसरों से वेतन के लिए अनुरोध कर चुके हैं, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। जब तक जल निगम के अधीन नलकूप था, तब तक वेतन मिल जा रहा था। मगर जब से नगर निगम के जलकल विभाग में आए हैं, तब से वेतन को लाले हैं। बच्चों की फीस नहीं जमा हो पा रही है। राशन खरीदने के लिए भी दिक्कतें हो रही हैं।नलकूप ऑपरेटरों की फाइल आ चुकी है। वह परेशान न हों। जल्द ही उन्हें वेतन मिल जाएगा

### असीम उत्साह से मनाया जायेगा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव, रविवार 6 अक्तूबर को निकलेगी परंपरागत भव्य शोभा यात्रा

श्री अग्रवाल युवा संगठन (रजि.)अलीगढ़ द्वारा आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अलीगढ़ महानगर में विगत 34 वर्षों से आयोजित श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव की औपचारिक घोषणा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल द्वारा विधिवत रूप से की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा अग्रवाल समाज की मूल चेतना के अनुरूप संपूर्ण वर्ष महानगर में सेवा के विभिन्न प्रकल्पों का निष्पादन किया जाता है, साथ ही समाज के प्रवर्तक अग्रसेन जी महाराज की भव्य जयंती का आयोजन भी समाज के सहयोग से आयोजित होता है। अलीगढ़ महानगर के रघुवीरपुरी स्थित स्वाद रेस्टोरेंट में अयोजित पत्रकार वार्ता में निवर्तमान संगठन अध्यक्ष व जयंती संयोजक नवीन अग्रवाल जलेसर ने बताया कि अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन जी महाराज की 5148 वी जयंती महोत्सव श्री अग्रवाल युवा संगठन संगठन का सबसे प्रमुख आयोजन है। उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर रविवार 6 अक्तूबर 2024 को भव्य शोभायात्रा के अतिरिक्त अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संगठन द्वारा आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सबसे प्रमुख आयोजन को अग्रसेन चौक पर संपन्न होगा, जिसमें राष्ट्र उत्थान एवम विश्व शांति की कामना महायज्ञ का आयोजन सम्मान समारोह, अग्रज्योति पत्रिका के 31 वें अंक का विमोचन भी होगा।उन्होंने आगे बताया कि इसी श्रृंखला में आगामी रविवार, 22 सितंबर 2024 को निःशुल्क नेत्र जांच व दंत जांच शिविर का आयोजन, इसके पश्चात 26 सितम्बर दिन गुरुवार को महिलाओं में आयरन की कमी के लिए एनीमिया शिविर का आयोजन डॉ दिव्या गुप्ता जी के सानिध्य में रश्मि नर्सिंग होम,स्वर्ण जयंती नगर में आयोजित किया जाएगा जिसमे आयरन की कमी को पूरा करने के लिए संगठन द्वारा एक सामिग्री का पैकेट भी वितरित किया जाएगा। साथ ही 3 अक्तूबर 2024 दिन रविवार को महाराज अग्रसेन के प्राकट्य दिवस पर महालक्ष्मी पूजन, नौ देवीयों का नृत्य मंचन एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्री अग्रवाल युवा संगठन (रजि.)अलीगढ़ के महामंत्री एडवोकेट प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि आगामी रविवार, 22 सितंबर 2024 को संगठन द्वारा प्रस्तावित निशुल्क नेत्र जांच एवं दंत जांच शिविर का आयोजन महानगर के हाथरस अड्डा स्थित राजधानी कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद लोगों को निरूशुल्क चश्मा, दवाई वितरण एवं मोतियाबिंद के निरूशुल्क ऑपरेशन डॉक्टरों की सलाह अनुसार किए जाएंगे।उन्होंने जानकारी दी कि डॉक्टर नीलेश मित्तल द्वारा




निःशुल्क नेत्र जांच एवं निरूशुल्क ऑपरेशन की सेवा दी जाएगी और ऑपरेशन में होने वाले समस्त खर्चो को भी संगठन द्वारा वहन ही किया जाएगा, साथ ही डा० अमित गुप्ता द्वारा दंत परीक्षण किया जाएगा।संस्था के वित्त संयोजक विवेक अग्रवाल श रॉयल श ने बताया की जयंती पखवाड़े के दौरान 3 अक्टूबर 2024 को मां लक्ष्मी पूजन, कन्या पूजन, नौ देवीयों का नृत्य मंचन श्री अग्रसेन चौक पर किया जाएगा।जिसमें प्रातः महाराज जी का माल्यार्पण और संध्या काल में महायज्ञ व विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जयंती सहसंयोजक प्रांजुल गर्ग (गार्गो), आशीष अग्रवाल (कोठी) , सी.ए. विकास अग्रवाल, राहुल गोयल (जलेसर), उपसंयोजक राहुल गर्ग (बीमा), आकाश (एगोन), विपिन गोयल आदि उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी दिव्यांश अग्रवाल द्वारा दी गई ।

### श्रद्धा और सादगी के साथ मनाई गई विप्रकुल गौरव पं.विनोद गौतम की छठवीं पुण्यतिथि

अलीगढ़ ।महानगर के प्रमुख शिक्षाविद और विप्र कुल गौरव स्व.पंडित विनोद गौतम की पुण्यतिथि को पूरी श्रद्धा और सादगी के साथ मनाया गया ।ये कार्यक्रम एसबीईएम इंटर कॉलेज परिसर में रखा गया जहां पर सर्वप्रथम श्रद्धांजलि सभा रखी गई जिसमें स्व. विनोद गौतम की पत्नी बीना गौतम,ज्येष्ठ पुत्र और ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित अनुराग गौतम और अभिश्री हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.ऋषभ गौतम समेत उनके इष्ट मित्र चिर परिचित रिश्तेदार और समर्थकों ने पंडित विनोद गौतम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण किया और इसके बाद रामघाट रोड पर प्रसाद वितरण का क्रम अनवरत रूप से चलता रहा ।इस दौरान कार्यक्रम में पंडित अनुराग गौतम ने बताया कि उनके पिता शहर के प्रमुख शिक्षाविद थे और ब्राह्मण समाज में भी उनके द्वारा लिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं पंडित विनोद गौतम के पुत्र और अभिश्री हॉस्पिटल के डायरेक्टर ऋषभ गौतम ने बताया कि उनके पिता द्वारा शिक्षित किए गए बच्चे आज बड़े बड़े उच्च पदों पर तैनात हैं और उन्होंने अपने पूरे परिवार जो नहीं अपितु पूरे समाज को संस्कारों की शिक्षा दी थी ।विप्र कुल गौरव स्व.पं.विनोद गौतम की पुण्य तिथि के अवसर पर यहां उनके दामाद विराट पचौरी,पुत्री आकांक्षा पचौरी,पुत्रवधू अंशुल गौतम और डॉ.आभा गौतम के अलावा डॉ.निष्ठा गौतम,कुंवर सार्थक गौतम,कोल विधायक अनिल पाराशर के पुत्र कार्तिक पराशर,संजय प्रताप सिंह,चेतन प्रताप सिंह,मुस्तफा गाजी,निव्यान,युवान,संदीप दुबे,अभय प्रताप यादव,भंवर पाल सिंह चौहान, चंद्रभान शर्मा,कृष्ण मुरारी शर्मा,मुकेश कुमार,मीना सारस्वत,मनोज पाठक,कमल कौशिक, सत्येंद्र कुमार और विपिन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जन नायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ, ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें–
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक
मो. 8218049162, 8273402499

जन नायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंग प्रेस, अचल ताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित।
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।